1150
22/2/13

खण्ड-9 संख्या-4

# एकादश बिहार विधान-सभा वादवृत्त

(कार्यवाही भाग-2, प्रश्नोत्तररहित)

सत्यमेव जयते

बृहस्पतिवार

तिथि 17 जुलाई, 1997 ई०

श्री अकलू राम महतो।

(माननीय सदस्य, श्री अकलू राम महतो अनुपस्थित)

श्री गुरूसहाय महतो।

**आवश्यक लोक महत्व के विषय पर ध्यानाकर्षण:**

**पुल का निर्माण–**

**श्री गुरूसहाय महतो :** महोदय, गिरिडीह जिला के गावां प्रखंड के ग्राम पसनौर के समीप सकरी नदी बहती है। इस नदी पर पुल नहीं बनने से समीपवर्त्ती जिला का सम्पर्क टूट जाता है तथा इस नदी के उस पारवाले हजारों लोगें को गिरिडीह मुख्यालय आने के लिये अतिरिक्त पच्चास किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है। इस नदी में पुल निर्माण कराने से राजधानी पटना की दूरी तय करने में नब्बे किलोमीटर कम हो जायेगी। लोकहित में पुल निर्माण अतिआवश्यक है।

अतः हम इस लोक महत्व की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हैं।

**अध्यक्ष :** मंत्री, पथ निर्माण, जवाब दीजिये गुरूसहाय महतोजी का ।

**श्री इलियास हुसैन :** उसमें समय चाहिये।

**अध्यक्ष :** कब तक जवाब दे दीजियेगा?

**श्री इलियास हुसैन :** सोमवार या मंगलवार को दे देंगे।

**अध्यक्ष :** श्री दिलीप कुमार यादव का है पूर्णियां जिलांतर्गत पूर्णियां से सहरसा पथ के संबंध में। इसका भी जवाब दे दीजिये।

**श्री इलियास हुसैन :** इसका भी जवाब सोमवार या मंगलवार को दे देंगे। मेरे पास रामदास रायजी का अभी तैयार है।

**अध्यक्ष :** आपका (रामदास रायजी का) है।

**श्री रामदास राय :** मेरा कल भी था, परसों भी था लिस्ट में।

**अध्यक्ष :** ठीक है, उसका जवाब दीजिये।